

Director
Mr. VIPIN JAIN SIR
(The Symbol of Trust)

MARVELLOUS
A Result Oriented Institute

Since 2011

16 April 2022

# MARVELLOUS

## (A Result Oriented Institute)

An Institute for Civil services Examination

Daily Current Affairs Booster

Follow us on

# Daily Current Affairs

UPSC | MPPSC | NTA NET | MP-SI


Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)
Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330
Website : marvellousinstitute.com

## 16 अप्रैल का इतिहास

- **1853 :** भारत में मुंबई से ठाणे के बीच पहली रेल चली थी।
- **1919 :** जलियांवाला बाग हत्याकांड में मरने वालों को श्रृद्धांजलि देने के लिए गांधी जी ने उपवास की घोषणा की।
- **1978 :** भारतीय अभिनेत्री लारा दत्ता का जन्म हुआ।
- **2008 :** लंदन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण हुआ।
- **1966 :** भारत के एक प्रसिद्ध चित्रकार नंदलाल बोस का निधन हुआ।

## 16 अप्रैल से संबंधित करेंट अफेयर्स

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लता दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड से सम्मानित होंगे। यह इन पुरस्कारों का पहला संस्करण होगा। यह घोषणा मंगेशकर परिवार के द्वारा की गई। 24 अप्रैल को पीएम मोदी आगामी मास्टर दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार समारोह में यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे। गौरतलब है कि इस दिन (24 अप्रैल) लता मंगेशकर के पिता मास्टर दीनानाथ मंगेशकर की 80वीं पुण्यतिथि है।
- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 11 वर्षों में पहली बार भारतीय पटेंट कार्यालय में घरेलू पेटेंट फाइलिंग की संख्या अंतर्राष्ट्रीय फाइलिंग से अधिक है। 2022 की जनवरी मार्च तिमाही के दौरान कुल 19796 पेटेंट आवेदन दायर किए गए, जिसमें भारतीय आवेदकों द्वारा दायर 10,706 पेटेंट और गैर-भारतीय आवेदकों द्वारा 9,090 पेटेंट शामिल थे।
- भारत का पहला मेड-इन-इंडिया कमर्शियल एयरक्राफ्ट अपनी पहली व्यावसायिक उड़ान के लिए तैयार है। इस मेड-इन-इंडिया एयरक्राफ्ट का नाम डोर्नियर 288 रखा गया है। यह असम के डिब्रूगढ़ से अरूणाचल प्रदेश के पासीघाट तक अपना परिचालन शुरू करेगा। यह पहल पूर्वोत्तर राज्यों में कनेक्टिविटी को बढवा देगी। गौरतलब है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास का सामरिक महत्व है और यह क्षेत्र उड़े देश का आम नागरिक यानी उड़ान योजना में शामिल है।
- ट्री सिटी ऑफ द वर्ल्ड लिस्ट का तीसरा संस्करण जारी किया गया है। मुंबई और हैदराबाद को 2021 ट्री सिटी ऑफ द वर्ल्ड के रूप में मान्यता दी गई है। इन शहरों को खाद्य और कृषि संगठन और आर्बर डे फाउंडेशन द्वारा मान्यता दी गई है। सूची में हैदराबाद और मुंबई के अलावा 21 देशों के 136 अन्य शहरों को शामिल किया गया है। मुंबई को स्वच्थ, लचीला और खुशहाल शहर के निर्माण में शहरी पेड़ों और हरियाली को उगाने और बनाए रखने की प्रतिबद्धता के लिए यह मान्यता दी गई है।
- भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में इंटरएक्टिव फोरम ऑन इंडियन इकोनॉमी द्वारा आयोजित चैंपियंस ऑफ चेंज मध्य प्रदेश 2021 के कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे हैं।
- विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला अगले महीने G20 के मुख्य समन्वयक के रूप में कार्यभार संभालेंगे, सरकार ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की। यह नियुक्ति महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत 1 दिसंबर 2022 को इंडोनेशिया से G20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा और 2023 में भारत में पहली बार G20 लीडर्स समिट का आयोजन करेगा। श्रृंखला 30 अप्रैल 2022 को सेवानिवृत्त होंगे, विदेश सचिव-नामित वी एम क्वात्रा को प्रभार सौंपेंगे, जो वर्तमान में नेपाल में भारत के राजदूत हैं। G20 के शेरपा भारतीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बने रहेंगे।
- दक्षिण अमेरिकी देश इक्वाडोर जंगली जानवरों को कानूनी अधिकार देने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। देश की सर्वोच्च अदालत ने उस मामले के पक्ष में फैसला सुनाया है जो एस्ट्रेलिटा नामक एक ऊनी बंदर पर केंद्रित था, जिसे उसके घर से एक चिड़िया घर में ले जाया गया था, जहां उसकी एक महीने के अंदर ही मौत हो गई।
- एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल ने 2021 के लिए दुनिया भर में शीर्ष 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों की सूची जारी की। हर्ट्सफील्ड जैक्सन अटलांटा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 75.7 मिलियन यात्रियों के साथ सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है। डलास/फोर्ट वर्थ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 62.5 मिलियन यात्री दूसरे स्थान पर है, इसके बाद डेनवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, तीसरे स्थान पर है।
- आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने 14 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के अतिरिक्त 126 शहरों में स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम शुरू किया है। भारतीय गुणता परिषद कार्यक्रम के लिये कार्यान्वयन भागीदार है। यह पीएम स्वनिधि योजना का एक अतिरिक्त कार्यक्रम है, जिसे 4 जनवरी, 2021 को 125 शहरों में पीएम स्वनिधि लाभार्थियों और उनके परिवारों के सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल को चिन्हित करने हेतु लॉन्च किया गया था।
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक स्वदेशी ऑनबोर्ड ड्राइवर असिस्टेंस एंड वार्निंग सिस्टम बस सिग्नल प्रायोरिटी सिस्टम और कॉमन स्मार्ट आई-ओटी कनेक्टिविटी सॉफ्टवेयर लॉन्च किया है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व आवाज दिवस (World Voice Day) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 अप्रैल (B) 16 अप्रैल
(C) 17 अप्रैल (D) 18 अप्रैल

**(B)** विश्व आवाज दिवस सभी लोगों के दैनिक जीवन में आवाज के विशाल महत्व को प्रदर्शित करने के लिए हर साल 16 अप्रैल को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह दिन एक वैश्विक वार्षिक कार्यक्रम है, जो मानव आवाज की असीम सीमाओं को पहचानने के लिए समर्पित है। विश्व आवाज दिवस की शुरूआत 1999 में ब्राजील के राष्ट्रीय आवाज दिवस के रूप में हुई।




**2. भारतीय रेल परिवहन दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 16 अप्रैल (B) 17 अप्रैल
(C) 16 अप्रैल (D) 19 अप्रैल

**(A)** भारतीय रेल परिवहन दिवस हर साल 16 अप्रैल को मनाया जाता है। 16 अप्रैल 1853 को भारत में रेलवे परिवहन की शुरूआत हुई थी। पहली बार भारत में पैसेंजर ट्रेन महाराष्ट्र प्रांत के मुंबई से थाणे के बीच लगभग 34 किलोमीटर चलाई गई थी। भारतीय रेल एशिया का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है और एकल सरकारी स्वामित्व वाला विश्व का दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है।




**3. ICC पुरूष टी-20 विश्व कप 2024 की मेजबानी कौनसा देश करेगा ?**

(A) अमेरिका (B) वेस्टइंडीज
(C) उपयुक्त दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** ICC पुरूष टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी वेस्टइंडीज और अमेरिका मिलकर करेंगे। इस टूर्नामेंट में ICC ने पहली बार 20 टीमों के भाग लेने की योजना बनाई है। जबकि ICC पुरूष टी-20 विश्व कप 2022 का आयोजन ऑस्ट्रेलिया में होगा।



**4. पहली बार दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार 2022 से किसे सम्मानित किया जाएगा ?**

(A) नरेंद्र मोदी (B) रामनाथ कोविंद
(C) M वेंकैया नायडू (D) अमित शाह

**(A)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहली बार लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया जाएगा। यह इस पुरस्कार का पहला संस्करण होगा। दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार की स्थापना लता मंगेशकर के सम्मान और स्मृति में की गई है। यह पुरस्कार हर साल केवल एक ही व्यक्ति को दिया जाएगा जिसने राष्ट्र, समाज और उसके लोगों के लिए अनुकरणीय योगदान दिया हो।



**5. बैंक ऑफ महाराष्ट्र ISARC में कितने प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगा ?**

(A) 2% (B) 4%
(C) 7.5% (D) 9.2%

**(B)** बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने घोषणा की कि वह भारत एसएमई एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी में अपने पूरे 4% स्वामित्व को लगभग 4 करोड़ रूपये में बेच देगा। एक नियामक बयान के अनुसार बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने भारत एसएमई एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड में 4% की संपूर्ण इक्विटी स्थिति की बिक्री के लिए एक शेयर खरीद समझौता किया है।




Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.) Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330

**6. किस संस्थान ने पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के लिए Expanding Heat Resilience नामक रिपोर्ट को जारी किया है ?**

(A) भारतीय मौसम विज्ञान विभाग
(B) प्राकृतिक संसाधन रक्षा परिषद
(C) नीति आयोग
(D) संयुक्त राष्ट्र के इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेंट चेंज

**(B)** प्राकृतिक संसाधन रक्षा परिषद नामक एक गैर-लाभकारी संस्था ने पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के लिए Expanding Heat Resilience रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2022 में पश्चिमी और मध्य भारत के बड़े हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जिसकी वजह से देश के अधिकतम शहर लू की चपेट में है।




**7. भारत की तरफ से टी-20 क्रिकेट में 1000 चौके लगाने वाले पहले बल्लेबाज कौन बन गए है ?**

(A) दिनेश कार्तिक (B) शिखर धवन
(C) दीपक चाहर (D) पृथ्वी शॉ

**(B)** इंडियन प्रीमियर लीग 2022 के 15वें लीग मैच में पंजाब टीम के ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन टी-20 क्रिकेट में 1000 चौके लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। शिखर धवन ने टी-20 क्रिकेट में बतौर भारतीय बल्लेबाज 1000 चौके पूरे किए और वो ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने।



**8. किस संस्थान के शोधकर्ताओं ने भारत का पहला स्वदेशी पॉलीसेंट्रिक कृत्रिम घुटना कदम (Kadam) को विकसित किया है ?**

(A) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
(B) भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू
(C) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, बेंगलुरू
(D) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, नई दिल्ली

**(A)** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के शोधकर्ताओं ने भारत का पहला स्वदेशी पॉलीसेंट्रिक कृत्रिम घुटना कदम विकसित किया है। जिसका लक्ष्य घुटने से ऊपर विकलांग लोगों को बेहतर जिंदगी देना है। कदम नामक यह मेड इन इंडिया प्रोडक्ट घुटने के ऊपर प्रोस्थेसिस के लिए पॉलीसेंट्रिक घुटना है जिसका विकास सोसाइटी फॉर बायोमेडिकल टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी इंडिया के सहयोग से किया गया है।




**9. निम्नलिखित में से किस सिख गुरू को सृष्टि-दी-चादर के रूप में पूजा जाता है ?**

(A) गुरू नानक देव (B) गुरू तेग बहादूर
(C) गुरू गोविंद सिंह (D) गुरू रामदास

**(B)** गुरू तेग बहादूर नौवें सिख गुरू थें, इन्हें अक्सर सृष्टि-दी-चादर यानी मानवता के रक्षक के रूप में पूजा जाता है। उनकी रचनाओं को पवित्र ग्रंथों में जगह दी गई है और इसे गुरू ग्रंथ साहिब कहा जाता है। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने पंजाब में चक्र-नानकी नगर की स्थापना की। वही नगर बाद में पंजाब के आनंदपुर साहिब का हिस्सा बना।



**10. साहू शांति प्रसाद जैन-निम्नलिखित में से किस पुरस्कार से संबंधित है ?**

(A) ज्ञानपीठ पुरस्कार (B) साहित्य अकादमी पुरस्कार
(C) पद्य भूषण (D) व्यास सम्मान

**(A)** प्रख्यात असमिया कवि नीलमणि फूकन को गुवाहाटी मे एक समारोह में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा 2020 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाने वाला भारत का सबसे पुराना और सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार है।



# MARVELLOUS
## INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES
(A RESULT ORIENTED INSTITUTE )

Since 2011

MPPSC की तैयारी के लिए VIPIN सर ही क्यों ?





**Director :-**
**MR. VIPIN JAIN SIR**
**(The Symbol of Trust)**

MSC Mathematics
MPA Public Administration , NET
MPH Philosophy (Gold Medalist) , NET
MPS Political Science , NET Qualified
MSO Sociology
MHD Hindi Literature Etc

Opposite Puma showroom, Tower Square, Indore
CONTACT :- 9981983777, 8817983777